प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने की त्योहारों के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखने की अपील।
- मुख्यमंत्री ने स्वदेशी उत्पादों को खरीदने के लिए नागरिकों को दिलाई शपथ।
- अब से कुछ ही देर बाद एशिया कप टी–20 के फाइनल में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा।
- राज्य में जारी है बारिश का दौर, कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'मन की बात कार्यक्रम' की 126वीं कड़ी के तहत नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने आगामी त्यौहारों के मौसम को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्यौहार के मौसम के दौरान केवल घर ही नहीं, बल्कि सड़कों, पड़ोस, बाजार और गांव की भी स्वच्छता पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि नवरात्र के दौरान शक्ति की उपासना की जाती है। उन्होंने कहा कि अब कारोबार से लेकर खेल जगत तक और शिक्षा से लेकर विज्ञान तक – हर क्षेत्र में बेटियां अपनी पहचान बना रही हैं। प्रधानमंत्री ने 7 अक्तूबर को मनाई जाने वाली महर्षि वाल्मीकि जयंती के संबंध में कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने ही भगवान राम की अवतार कथाओं से इतने विस्तार से परिचित कराया था। विजयादशमी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, आरएसएस के बारे में श्री मोदी ने कहा–

<u>सीएम–स्वदेशी संकल्प</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैरसिया के ग्राम जगदीशपुर में आज स्व–सहायता समूहों की दीदियों के साथ 'मन की बात' का श्रवण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सबके समग्र विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ रही है। किसान, गरीब, युवा, महिलाओं के कल्याण एवं विकास के लिए पृथक–पृथक मिशन चलाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 'हर घर स्वदेशी और घर–घर स्वदेशी' का नारा उद्घोष करते हुए कहा कि सभी को स्वदेशी अपनाने के लिए संकल्पित कराया।

सुशासन मध्यप्रदेश

आमजन से अभद्र व्यवहार और बेहद अशिष्ट शब्दावली का प्रयोग करने पर मऊगंज जिले के प्रभारी तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार पटेल को निलंबित किया गया गया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के साथ संवेदना, सहानुभूति और मददगार के रूप में व्यवहार करना लोक सेवक का प्रथम कर्तव्य है। लोक सेवकों द्वारा आमजनों से अभद्रता किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

जीएसटी सुधार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी। 22 सितम्बर से शुरू हुआ यह उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन सुधारों से वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम हुआ है और लोग लाभान्वित हो रहे हैं। पेश है

सेवा पर्व – प्रधानमंत्री जन धन योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन की भावना से परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। 'सेवा पर्व' की अपनी विशेष श्रृंखला में, हम आज आपको बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री जन–धन योजना से किस प्रकार वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है, लाखों परिवारों के लिए बैंकिंग और बचत की सुविधा उपलब्ध हुई है और वे मर्यादित जीवन जी रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट–

एशिया कप क्रिकेट

एशिया कप टी–20 क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच रात 8 बजे से खेला जाएगा। एशिया कप के 41 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब दोनों टीमें फाइनल खेलेंगी। भारत अब तक आठ बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर चुका है। इस बार के टूर्नामेंट में दोनों टीमें तीसरी बार आमने सामने होंगी।

मौसम

मध्यप्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में आज भी जबरदस्त बारिश हुई। 24 घंटों के दौरान मुरैना, दतिया, नीमच और निवारी जिलों को छोड़कर शेष सभी जिलों में पानी गिरा। वहीं, हरदा, नर्मदापुरम और खरगोन जिलों में भारी बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों ने सोमवार को बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, आगर मालवा में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

समाचार संक्षेप में .....

- सिंगरौली में आज सेवा पखवाड़े के अंतर्गत डीडीआरसी केन्द्र में सांसद डॉ. राजेश मिश्र के मुख्य अतिथि में दिव्यांगों को कृतिक अंग उपलंब्ध कराए गए।
- बैतूल जिले में अभी तक 978.7 मिली मीटर .औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1005.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वर्षा 1083.9 मिली मीटर है।
- धार जिले में प्रधानमंत्री मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को बड़ी संख्या में खास और आमजनों द्वारा सुना गया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र डिंडोरी में प्राकृतिक खेती पर कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 25 से 29 सितंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।
- नर्मदापुरम जिले में नवरात्र पर देवी मंदिरों और अनेक स्थानों में विराजित दुर्गा–काली पंडालों में विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।
- सिवनी मालवा के पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल में शनिवार शाम को गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- गुना में हार्टिकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम अंतर्गत पात्र संस्थाओं से प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई हैं।
- खंडवा में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से स्वच्छोत्सव 2025 के बेस्ट टू वेस्ट का आयोजन कल नगर निगम परिसर में किया जाएगा।
- अशोकनगर में आज 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं छात्राओं के बीच जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अशोकनगर तथा कस्तूरबा बालिका छात्रावास ईसागढ़ में लगाया गया।

...............................